राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र जैसलमेर से जयपुर पंहुचें

राज्यपाल ने जैसलमेर भ्रमण को बताया अविस्मरणीय

जयपुर 01 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को दोपहर में जैसलमेर से जयपुर पंहुचें। राज्यपाल 29 दिसम्बर से जैसलमेर प्रवास पर थे। वहां उन्होनें सीमा पर जवानों के साथ नव वर्ष का स्वागत किया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जैसलमेर एयरपोर्ट पर सभी अधिकारियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की और जैसलमेर यात्रा के दौरान प्राप्त आतिथ्य एवं स्वागतसत्कार और विभिन्न प्रबन्धों आदि के लिए टीम जैसलमेर की सराहना की। राज्यपाल ने अपनी इस यात्रा को अविस्मरणीय सुकूनदायी बताया।

राज्यपाल ने जैसलमेर यात्रा के अनुभवों को सामने रखते हुए जिले को बहुआयामी विकास की संभावनाओं से भरा बताया और कहा कि जल संरक्षण, सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा के क्षेत्र की गतिविधियों के विकास एवं विस्तार की दिशा में अच्छा काम हो रहा है।

—

राज्यपाल नव वर्ष पर लोगों से मिले

जयपुर, 01 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को यहां राजभवन में नव वर्ष के उपलक्ष में लोगों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने राज भवन में उनसे मिलने आए सभी लोगों को नव वर्ष की व्यक्तिशः शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल से मिलने वालों में जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग के मंत्री श्री बी.डी.कल्ला, मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न राजकीय सेवाओं के अधिकारीगण, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, विश्वविद्यालयों के शिक्षक सहित राजस्थान व उत्तर प्रदेश के आम नागरिक शामिल थे।

राज्यपाल की गुरू गोविन्द सिंह जयंती पर शुभकामनाएं

जयपुर 01 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराल मिश्र ने गुरू गोविन्द सिंह जयंती के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' गुरू गोविन्द सिंह द्वारा दिया गया मानवता का संदेश हमारे समाज में समानता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए आज भी प्रासंगिक है। ''

राज्यपाल ने उच्च्च शिक्षा मंत्री को जन्म दिवस की बधाई दी

जयपुर 01 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराल मिश्र ने उच्च्च शिक्षा मंत्री श्री भवर सिंह भाटी को उनके जन्म दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल